Some Hon. Members: No, no.

Shri Nambiar (Mayuram): We are taking up non-official business now?

Mr. Deputy-Speaker: Yes. It is Friday. Hon. Members are forgetting it is Friday.

Shri Nambiar: Yes, Sir. We are waiting for the Dowry Restraint Bill.

Some Hon. Members: No sitting in the afternoon.

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. Sometimes we reduce our age and become fidgety.

DOWRY RESTRAINT BILL—*Contd.*

Mr. Deputy-Speaker: The House will now take up Private Members' Legislative Business. Further consideration of the following motion moved by Shrimati Uma Nehru on the 28th August, 1953:

> "That the Bill to restrain the custom of taking or giving of dowry in marriages, be taken into consideration."

Shrimati Uma Nehru may continue her speech.

श्रीमती उमा नेहरू (जिला सीतापुर व जिला खेरी—पश्चिम) : पेश्तर इसके कि मैं दहेज का जिक्र करूं मैं चाहती हूं कि मैं हाउस के हानरेबिल मेम्बर्स को बता दूं कि मैं स्त्रीधन व मेहर के खिलाफ नहीं हूं। आप जितना चाहें अपनी बेटियों को दे सकते हैं। मैं तो केवल उस तकलीफदेह प्रथा के विरुद्ध हूं जो शादी के पहले लड़के वाले अपने बेटों का मोलतोल मारकेट रेट में करते हैं। जितने अमीर और ऊंचे दरजे की मुलाजिमत पर उनके बेटे होते हैं उतनी ही उनकी कीमत समाज में बढ़ जाती है। ऐसे कंट्रेक्टस शादी के पहले होते हैं और यह भी देखा है कि शादी पर इतना धन दो और बाद में इतना दो इसके तकाजे भी रात दिन होते रहते हैं। ये हजारों रुपये जो लड़के वाले लेते हैं वह लड़की को नहीं मिलते ह। गर्जेकि हम खुल्लमखुल्ला लड़की के वर को खरीदते हैं और खरीदने के बाद भी हमें सुख नहीं मिलता। मैं चाहती हूं कि हमारी सरकार इस दुःखदायी प्रथा को दूर करे और जो इस तरह से रुपया ले वह गुनहगार समझा जावे और सख्त सजा का मुजरिम होवे। मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार समाज की इस कुरीति को समझती है और इस बिल को बखूशी मंजूर करेगी।

हम से कहा जाता है कि भारतीय समाज में स्त्री की बहुत इज्जत होती है और हमें समाज पूजणीय, माता, देवियों व गृहलक्ष्मी के नाम से पुकारता भी है। तो क्या वजह है कि जब हम पूजनीय हैं हमारी यह दुःखभरी दशा हो ? कहीं मातायें या देवियां या गृह लक्ष्मियां बेची भी जाती हैं ? जब तक समाज में परिवर्तन न होगा और स्त्री और पुरुष दोनों एक समान इन्सान न समझे जावेंगे समाज जिन्दा नहीं रह सकता है। समाज की यह दशा देखकर के हमने बहुत परिश्रम के बाद हिन्दू कोड बिल को इस संसद के सामने रखा था। ताकि स्त्री के दुःख भरे बन्धनों को तोड़ दें और स्त्री को समाज में फिर से आजाद व पूजनीय बनावें। हमारे लिए समाज में जहेज के नाम की प्रथा बहुत दुःखदायी है। इस प्रथा के कारण न मालूम कितनी हमारी प्यारी बेटियों ने खुदकशी की है खासतौर से हमारी बंगाल की बेटियों ने।

[PANDIT THAKUR DAS BHARGAVA *in the Chair*]

अफसोस तो यह है कि जब से हम जन्म लेती हैं हम अपने माता पिता के लिए वबाले जान हो जाती हैं। हमारी शादी क्या होती है हमारे माता पिता की बरबादी

[श्रीमती उमा नेहरू]

होती है। अगर हम किसी अच्छे धनी घर में ब्याही जावें तो हमारे माता पिता को क़र्ज़ ले कर लड़के के माता पिता को धन से भरना पड़ता है। जितना ज्यादा लड़का पढ़ा लिखा हो, या आई० सी० ऐस० या आई० पी० की नौकरी में हो तो उसकी क़ीमत हज़ारों की हो जाती है। बेचारे ग़रीब या साधारण हैसियत वाले, चाहे उन की लड़की कितनी भी क़ाबिल व सुन्दर हो, उस रईस के घर की तरफ़ या उस आई० सी० ऐस० या आई० पी० की सरविस वालों की तरफ़ ख्याल भी नहीं करते, क्योंकि वह इतने दौलतमन्दों को कहां से खरीद सकते हैं। वह बेचारे कहां से धन लावें। आई० सी० ऐस० लड़कों को तो समझो कि सुरखाब के पर लगे हुए होते हैं, जिन की क़ीमत हज़ारों की हो जाती है। धन के साथ साथ मोटर भी मांगी जाती है। कहीं कहीं तो आई० सी० एस० होने का पूरा खर्चा मांगा जाता है। ग़रज़ यह कि बेचारे लड़की वाले परेशान ही रहते हैं। हमारे सामने ऐसी भी मिसालें हैं, जहां लड़की वालों ने पूरा आई० सी० एस० तालीम का खर्चा दिया और उस का फल यह मिला कि दामाद साहब ने सब कुछ ले लिवा कर फिर से अपनी पसन्द की शादी रचाई। अक्सर यह भी देखा कि जितना भी लड़कियों को दो, उन के सुसराल वालों की डिमांड कभी पूरी हो ही नहीं सकती है।

सब से ज्यादा तकलीफदेह बात तो हमें यह मालूम होती है जब कि हम लड़कियों का कन्यादान करते हैं। यह दान देख कर बहुत दुःख होता है। इस दान में स्त्री का पतन दिखाई देता है। गोदान से भी गिरा हुआ यह दान है। इस दान के बाद हमें प्रायश्चित्त करना पड़ता है। गोदान के बाद हमें प्रायश्चित की कोई ज़रूरत नहीं होती है। हम से कहा जाता है कि कन्यादान सब दानों से उत्तम दान होता है, और चूंकि हम इन्सान को कन्यादान करते हैं, हमें अपने इस पाप का प्रायश्चित करना ज़रूरी होता है।

यह समाज की जितनी तकलीफदे रीतियां हैं, सब मिट जातीं, अगर हमने हिन्दू कोड बिल पर ज़रा भी विचार किया होता, और स्त्री को समाज में फिर से पूज्यनीय की पदवी पर लाते। तभी हमें हक़ था कि उस पूज्यनीय माता या गृहपत्नी के नाम से हम उसे पुकारते। आज स्त्री की दशा यह है कि वह माता या देवी भले ही हो समाज में उसकी कोई हैसियत नहीं। माता होने के साथ साथ उसे अपने पति की जायदाद पर कोई भी हक़ नहीं है। अपने बच्चों का वह अपने त्याग और प्यार से पालन पोषण करती है, अपने खून से उन्हें सींचती है, जिम्मेदारी सारी बच्चों की वह लेती है। लेकिन अफसोस तो यह है कि इस सब जिम्मेदारी लेने के बाद आज वही बच्चे उलट कर क़ानून बनाने के लिये बैठ गये हैं, जहां इस पूज्यनीय माता को हर जिम्मेदारी से वह बच्चे महरूम रखते हैं।

11 A.M.

आखिर में मुझे यह कहना है, मैं यह कह देना मुनासिब समझती हूं कि मुझे सरकार में पूरा भरोसा है कि वह इस बिल को मंजूर करेगी और सरक्युलेशन के लिये ख्याल नहीं करेगी। सरक्यूलेशन के माने होते हैं, बात को टालना। इस बिल में कोई ऐसी बात नहीं है जो किसी को मंजूर न हो। अगर इस बिल में कोई भी क़ानूनी ग़लतियां या कमियां हों, तो वह यहीं पर सही की जा सकती हैं।

आज दो तीन साल के बाद हमें यह दिन नसीब हुआ है और हाउस के लिये, देश के लिये और समाज के लिये यह मुबारिक दिन है। आशा है कि हाउस इस बिल को दुआ व आशीर्वाद दे कर मंजूर करेगा।

अन्त में मुझे यह भी कहना है कि मैं चाहती यह हूं कि आज इस बिल के ऊपर मेरी जितनी भी यहां बहनें हैं, और विशेषकर मेरे भाई हैं, उन को सब को समय मिलना चाहिये। यह बिल कोई राष्ट्रीय बिल नहीं है, यह बिल सामाजिक है। हर एक का हृदय इस वक्त दुःख से भरा हुआ है, चाहे वह पिता हो, चाहे वह माता हो। तो मैं चाहती हूं कि वे सब अच्छी तरह से इस बिल पर रोशनी डालें, ताकि इस बिल को हम कामयाबी से पास कर लें।

Mr. Chairman: Motion moved:

> "That the Bill to restrain the custom of taking or giving of dowry in marriages, be taken into consideration."

Now, there are several amendments to this motion. Prof. Diwan Chand Sharma.

Shri M. S. Gurupadaswamy (Mysore): Sir, there is an amendment...

Prof. D. C. Sharma (Hoshiarpur): For how many minutes shall I speak, Sir?

Mr. Chairman: The hon. Member may resume his seat. Shri Gurupadaswamy is raising a point of order.

Shri M. S. Gurupadaswamy: There is an amendment by me for circulation of the Bill for eliciting public opinion.

Mr. Chairman: I do not understand what is the point of order involved. There are two amendments to the same effect. I have called the hon. Member in whose name it stands first.

Shri M. S. Gurupadaswamy: I never raised a point of order, Sir. I am just referring to my amendment.

Mr. Chairman: I know it. I have read the Order Paper. The only point of the hon. Member is that I should have called upon him and not the other gentleman in whose name it stands first. Now, Prof. Sharma.

Prof. D. C. Sharma: I beg to move:

> "That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the end of February, 1954."

Sir, I thank you very much for giving me a chance to speak on this very important....

Mr. Chairman: Order, order. I find that whenever I call upon an hon. Member to speak, he starts by saying that he feels grateful to me. I feel very much embarrassed when I hear a thing like that. It is every Member's right to speak and the Chair is only to select the person. That is all. I do not show any favour whenever I call upon a Member to speak. It is my duty to select and call upon Members to speak. That is why I say that I feel embarrassed when he says that he is grateful to me. They should not be grateful to me at all. They are here to speak in their own right and the Chair only calls upon the Member who happens to catch the eye of the Chair. So I will request hon. Members not to put me in an embarrassment by saying that they feel grateful to me. (*Interruption*). I would further plead that Members who do not get an opportunity to speak should not get angry or dissatisfied for not having been called upon to speak.

Shri Bhagwat Jha (Purnea *cum* Santal Parganas): Your ruling is right, Sir. Otherwise, the Member who thanks you will carry weight and will have the chance.

Prof. D. C. Sharma: I thought, Sir, that courtesy was part of the equipment of a speaker and that was why

[Prof. D. C. Sharma]

I made that remark. Anyhow, Sir, I will proceed.

When I was a student in the Presidency College, Calcutta, and was living in the Eden Hindu Hostel, Calcutta, every week I used to have two or three shabby-looking persons coming to me with a petition in their hands and asking me for some kind of charity. Generally these petitions were written in Bengali and, therefore, I was not able to understand them. But my fellow-students explained to me that this gentleman was in need of money because he wanted to marry off his daughter. At that time I thought that this disease was peculiar to a particular State in India. But, now, Sir, I find that this disease has become rampant all over India. There is no part where you cannot find this disease of asking for dowry on the part of the parents of the bridegroom, on the part of the relations of the bridegroom. I think, Sir, this is a very deep-seated evil and the remedy which my sister, Shrimati Uma Nehru, has put forward is a very very ineffective remedy. I wonder if this remedy can cure this drastic disease; drastic diseases should have drastic remedies. We had, for instance, Sir, the Sarda Act. What was the purpose of that Act? It was that the age of consent should be raised. What has happened to the Sarda Act? It is now a dead letter and I think it is fit for research at the hands of some students of social history. I do not think it is very much operative in any part of the country very few cases are brought before the courts where the provisions of the Sarda Act are contravened. My fear is this. If we take up this Bill in this manner and say we are going to ask for the restraint of dowry, it would have the same fate. It would not prove to be that kind of remedy which is needed to root out this disease. What is this remedy?

When I look at the newspapers I find that my sisters, my daughters and my mothers have attained all kinds of equality in this world. The other day I saw a picture of a young lady, a daughter of mine, and I found that she has become an Assistant Commissioner. Here is evidence of sex equality in matters of employment. Another day I picked up a paper and saw a lady and a gentleman playing cricket. Here is an instance of equality so far as sports is concerned. Every day I find, Sir, that there are instances of sex equality all over the country.

Shri Algu Rai Shastri (Azamgarh Distt.—East *cum* Ballia Distt.—West): Even here in this House, Sir.

Prof. D. C. Sharma: I know, a lady magistrate here administers justice as well as anybody else. So, there is what you may call economic equality. There are all kinds of equality operative in India, but, in spite of that, I should say that I do not find any instance of what I may call social equality so far as the relations of man and woman are concerned. I will think that the age of social equality has come only when a man does not say that he would marry a particular girl only if he is given some kind of dowry.

I met the other day a gentleman—I do not want to give his name—and he said, 'My son is worth Rs. 50,000 to me'. I said, 'Yes; he is worth Rs. 50,000 because he has done so well at the examination and he is going to get into one of those coveted services'. He said, 'No, no, I am not talking in that way; there are a number of people who are after me and they want that I should marry off my son to some girl who will bring a dowry of so many thousand rupees.' So, what I mean to say is that while we are advancing along lines of progress on all sectors of life, so far as social equality is concerned, women—my sisters here will excuse me for saying so—are at a great disadvantage. They do not have the same kind of equality which they ought

to have so far as marriage is concerned. If they had, no father would have the cheek to say, 'I can marry off my son to your daughter only if you give this much of dowry' What I mean to say is that in India we have still that inequality. This inequality is to be found in our marriage relationship. As long as marriage relationship is not on an equalitarian basis, on a basis of reciprocity, I think the talk of social revolution, silent revolution, bloodless revolution, loses some of its value. We want a kind of social revolution in India where our daughters can stand on their own legs and where they can say to young men who want some dowry, 'well this is not the right thing to do'. I say the only remedy for this is that we should advocate adult marriages.

I am a student of literature, Sir, and today I want to refer to Sanskrit literature, to sanskrit drama, the dramas of Kalidas and the dramas of Bhavabhuti, those great writers of India. What do you find there? Even though India was not at that time very great, I find that in those days....

Shri Algu Rai Shastri: It was greater than today.

Prof. D. C. Sharma: I said very great. Other hon. Members do not understand very great; what can I do? India was not at that time very great, but still I see, Sir....

Shri Algu Rai Shastri: It was very very great, Sir.

Prof. D. C. Sharma: Sir, we find that those dramas give such fine and noble portraits of our womanhood. What is the secret of that? The secret of that was that marriage then was not of the kind that we have now, the negotiated type of marriage between the relations of the boy and the relations of the girl. This kind of negotiated marriage was at a discount. Therefore, if we want to bring about some kind of social revolution, we should put an end to all the evils that are inherent is this system of negotiated marriages which prevail especially with such intensity in some of our far eastern countries. At the same time, if people could be made moral by legislation, I think, we Indians and perhaps the inhabitants of other countries would have become angels by this time. Look at the number of laws that we are passing in every country in the world today. Look at the amount of legislation which piling up. I might add, Sir, that no country could ever become moral by mere Acts of Legislature. I do not decry legislation, but I can assure you, Sir, that legislation is a very ineffective method. I say that this kind of legislation should be preceded by education and also followed by education. Education should come first and legislation should come afterwards; or, if legislation should come first, education should follow it. I think the two should go together. Therefore, Sir, I say that the Bill should be circulated for public opinion.

It is there, I think, that we have to create the right kind of climate, the right kind of atmosphere, the right kind of surroundings for the implementation of this Bill. I would, therefore, say that while I agree with my learned sister Mrs. Uma Nehru, who says that this Bill should be passed at once, I would request her to explore this avenue that before this Bill is passed we should stump this country with the ideas which are inherent in this Bill and after this is done it will be possible for us to pass this legislation.

Sir, my learned sister said that *Dan* is very good and there are so many kinds of *Dan*. Now I am not a person who is well versed in the Shastras and I do not want to say anything which has anything to do with the Shastras because I may get into trouble on account of that; we should not think in terms of *Dan* which comes to our daughters.

श्रीमती उमा नेहरु : मैं आप को समझा दूं। मैं ने यह नहीं कहा। मैं ने

[श्रीमती उमा नेहरू]

यह कहा था कि दानों में जो दान समाज में सब से उत्तम माना जाता है वह कन्या दान होता है ।

श्री अलगू राय शास्त्री : यह सही बात है ।

श्रीमती उमा नेहरू: यह इतना उत्तम दान है कि अगर अपनी लड़की नहीं होती है तो हम किसी और की लड़की का दान करते हों, क्योंकि हम को कन्या दान करना जरूरी है । लेकिन इतना उत्तम दान होते हुए भी इस दान के बाद भी हमें प्रायश्चित करना पड़ता है क्योंकि इन्सान का दान नहीं होता है । गायों का जो लोग दान करते हैं उन को बाद में प्रायश्चित नहीं करना पड़ता है, लेकिन जो कन्या दान करता है उस को तो प्रायश्चित करना ही पड़ता है । मुझे बहुत अफसोस होता है कि जब भी कोई ऐसी बात कही जाती है तो लोग कहते हैं कि लिखा कहां है । लेकिन आप में से बहुत से लोगों ने शादियां की होंगी और वह जानते होंगे कि हमें प्रायश्चित करना पड़ता है कन्या दान देने के बाद ।

Prof. D. C. Sharma: I am glad to have this explanation from my learned sister. What I mean to say is that our laws should be so changed that what we give to our daughters should not be given as a matter of gift. It should be given to them as their own right. They should have as much right of inheritance to the property of the parents as the sons have.

Shri K. K. Basu (Diamond Harbour): Ask for Hindu Code Bill.

Prof. D. C. Sharma: I think there are certain religions and certain countries where this is done in that way. I, therefore, think that the idea of *dan* which was very good at one time is not being rightly understood today and is not being rightly practised today. I would, therefore suggest that we should so change our society that our daughters have as much share in our property as the sons have. We have removed so many disabilities under which our sisters have been living. We have taken away some of their economic and other disabilities. This social disability must also be removed. This disability may only be removed when our sisters and daughters think that they are not to be given away in that sense.

Mr. Chairman: Amendment moved:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the end of February, 1954."

श्री एस० एन० दास (दरभंगा मध्य): मैं अपना संशोधन इस प्रकार उपस्थित करता हूं ;

"That the Bill be referred to a Select Committee consisting of Shrimati Uma Nehru, Shrimati Jayashri Raiji, Shrimati Renu Chakravartty, Shrimati Sushama Sen, Pandit Thakur Das Bhargava, Shri Raghunath Singh, Shri Hari Vishnu Pataskar, Prof. D. C. Sharma, Shri N. Somana, Shri Debeswar Sarmah, Shri Ramraj Jajware, Shri Jhulan Sinha, Pandit Lingaraj Mishra, Shri K. S. Raghavachari, Shrimati Anasuyabai Kale, Shri Raghubir Sahai, Shri Radha Raman, Dr. Mono Mohon Das, Dr. Syed Mahmud, Shri Upendranath Barman, Shri Amjad Ali, Shri Fulsinhji B. Dabhi, Shrimati Ammu Swaminadhan, and the Mover, with instructions to report by the end of the first week of the next session."

Shri R. K. Chaudhury (Gauhati): May I ask the hon. Member to include Shri B. Das who is the father of the House? He may be able to give better opinion and he is agreeable. You don't accept?

श्री एस० एन० दास : I will consider it in the end.

श्रीमती उमा नेहरु ने इस संसद् के सामने एक बहुत ही महत्वपूर्ण समाज सुधार का विधेयक पेश किया है। मैं इस के लिये उन्हें बधाई देता हूं।

जो प्रस्ताव अभी संसद् के सामने पेश है उस के महत्व के सम्बन्ध में मेरा अपना ख्याल है कि किसी सदस्य को मतभेद नहीं हो सकता है। हिन्दुस्तान में ही नहीं, दूसरे मुल्कों में जहां भी वैवाहिक सम्बन्ध का नियम है, इतिहास से पता चलता है कि विवाह के बाद अपनी कन्याओं को उपहार देना और इस प्रकार का प्रबन्ध कर देना कि जिस से विवाह के बाद फौरन कन्या अच्छी तरह से अपने जीवन को व्यतीत करे, यह प्रथा प्रचलित थी। वर पक्ष के लोग भी और कन्या पक्ष के लोग भी दम्पति को इस तरह की सहायता दिया करते थे। हमारे यहां जैसा कि मेरा अन्दाज है, जब गुरुकुल से अपना विद्याध्ययन समाप्त करके कोई पुरुष समाज में प्रवेश करना चाहता था, जीवन संग्राम में आना चाहता था, उस समय उस के पास किसी भी प्रकार की पूंजी, किसी भी प्रकार के परिवार को चलाने के सामान का अभाव हुआ करता था, और ब्रह्मचर्यवस्था समाप्त करने के बाद जब वह सामाजिक जीवन में प्रवेश करता था तब उस के लिये आवश्यकता होती थी कि उस को एक समाज के परिवार के लिये, एक गृहस्थ की व्यवस्था के वास्ते, जितनी चीजों की आवश्यकता हो वे चीजें उस को दी जायें। मेरा यह भी ख्याल है कि प्राचीन काल में पैतृक सम्पत्ति में कोई खास अधिकार कन्याओं को नहीं होता था कानून के जरिये से। इसी लिये माता और पिता का कर्त्तव्य होता था कि जब वह अपनी कन्या का किसी वर के साथ विवाह करें और तब और कन्या जीवन में प्रवेश करें उस समय उन के पास ऐसी पूंजी हो जिस को ले कर वह अपने जीवन को अच्छी तरह से चला सकें इस लिये वह कन्या को समुचित सामान, द्रव्य, रुपया और गृहस्थ के लिए जितने सामान की आवश्यकता हो वह दें। सभापति महोदय, यदि आप कन्या और वर को दिये गये सामान का निरीक्षण करें तो पता चलेगा कि उस सामान में गृहस्थी की जितनी आवश्यक चीजें हैं उन का ही उस में समावेश होता है। जिस समय में कन्या को उपहार देने का विधान था विभिन्न रूप में, चाहे वह नकद हो, चाहे गहने के रूप में हो, चाहे कपड़े के रूप में हो चाहे किसी सामान के रूप में हो, उस का मतलब यह होता था कि ब्रह्मचारी वैवाहिक जीवन आरम्भ करता था उस के जीवन के लिए जितनी चीजों की आवश्यकता समझी जाती थी वह चीजें उस को दी जायें।

इससे शुरुआत होती है हमारे स्त्रीधन की। मेरा ख्याल है कि जिस समय समाज में इस तरह कि व्यवस्था चली थी तो उसमें किसी तरह की कोई बुराई नहीं थी। लेकिन जैसे जैसे समाज आगे बढ़ता गया, जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे इसमें परिवर्तन होते गये और भावना में भी परिवर्तन होते गये और आज यह मौका आया कि कन्या के लिए वर खरीदना पड़ता है। एक समय हमारे देश में ऐसा था कि कन्या को खरीदने के लिए वर को कुछ पैसा देना पड़ता था। अभी भी जहां तहां समाज में यह प्रथा है लेकिन इसको अब नीची नजर से देखा जाता है। जो कन्या को बेचते हैं या कन्या को वर को देने के लिए पैसा लेते हैं आज कोई समाज ऐसा नहीं है जिसमें ऐसे आदमियों को नीची नजर से न देखा जाता हो। यह हमारे देश की गरीबी

[श्री एस० एन० दास]

के कारण हैं कि लोग अपनी बेटी को भी बेचकर अपना जीवन निर्वाह करना चाहते हैं। यह किसी भी समाज के लिए कलंक की बात है कि लोग अपने जीवन निर्वाह के लिए अपनी बेटियों को बेचें। यह बात किसी भी समाज के लिए कलंक की बात है। पर मैं उन लोगों को इसके लिए दोष नहीं देता क्योंकि आज समाज में यह दशा है कि जो मेहनत करना चाहते हैं उनको काम नहीं मिलता और उनको अपने जीवन निर्वाह के लिए अपनी कन्याओं को बेचना पड़ता है। इसका दोष तो समाज को है।

एक माननीय सदस्य : इसके लिए आप सरकार को भी दोष दे सकते हैं।

श्री एस० एन० दास : समाज के माने सरकार के हैं। आज हमारे सामने सवाल यह है कि जैसे जैसे हमारे देश में शिक्षा बढ़ती जाती है और आर्थिक व्यवस्था आगे बढ़ती जाती है, और जैसे जैसे शिक्षा प्राप्त करने का खर्च बढ़ता जाता है, वैसे वैसे हमारे समाज में यह देखने में आता है कि जो ऊंची आकांक्षा रखने वाले नवयुवक हैं, और जिनके पास साधन नहीं हैं, और जो चाहते हैं कि हमको अच्छे से अच्छा पद मिले और समाज में ऊंचे से ऊंचा स्थान मिले, वह चाहते हैं कि हम अपनी शिक्षा का और अपने परिवार के उच्चत्व का लाभ उठाकर ऐसी जगह विवाह सम्बन्ध करें जहां हमको बहुत पैसा मिले और हम उस पैसे से बड़ी से बड़ी शिक्षा प्राप्त करें, इंगलैंड जायं, अमरीका जायं जिससे सरकारी नौकरी में हमारा प्रवेश जल्दी से जल्दी हो जाय। मैं समझता हूं कि हम व्यवस्थापक जो कि यहां पर बैठे हुए हैं हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हमें सोचना चाहिए कि क्यों हमारे देश के पढ़े लिखे और क्रान्तिकारी नवयुवक इसकी ओर झुक रहे हैं। क्यों वह अपनी शक्ति पर भरोसा नहीं करते जिससे कि वह कठिन काम करके ऊंची से ऊंची शिक्षा प्राप्त कर सकें। इसलिए इस बिल पर विचार करते हुए हमारा कर्तव्य है कि हम इस बात को सोचें कि क्या कारण है कि हमारे समाज में नवयुवकों के दिल में यह प्रश्न पैदा होता है कि हम कन्या वाले से अधिक से अधिक रुपया ले कर अपनी शिक्षा और दूसरी चीजों की व्यवस्था कर सकें।

मैं इस सम्बन्ध में ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। इसलिए कि बहुत से दूसरे सदस्य और हमारी बहनें इस सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट करना चाहती हैं? मेरा ख्याल है कि इस बिल के सिद्धान्त से इस संसद् के किसी भी सदस्य को विरोध नहीं होगा और मेरा ख्याल है कि हमारे माननीय मंत्री जी, जो कि सरकार के प्रतिनिधि के रूप में ह, वह भी शायद इस बिल के खिलाफ न होंगे, परन्तु इस कानून को बनाने के पहले हमें विचार कर लेना चाहिए क्योंकि इस सम्बन्ध में हमारी राज्य सरकारें भी कानून बना सकती हैं और उनको भी इस सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार है, और जहां तक मेरा ख्याल है कुछ राज्यों में इसके सम्बन्ध में जहां तहां कुछ कानून बनाये भी गये हैं। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम इस सम्बन्ध में पूरी गहराई के साथ विचार करें और विचार करने के बाद यह देखें कि किस रूप में इसको लाया जाय कि समाज पर इसका अच्छा असर पड़े। मैं यह कहे बिना नहीं रह सकता कि मैं अपने दोस्त प्रोफसर दीवान चन्द शर्मा जी से सहमत हूं कि कोई कानून बनाने मात्र से यह बुराई दूर नहीं हो सकती। इसको सफल बनाने के लिए

हमें समाज की आत्मा को जगाना पड़ेगा। आज बावजूद इस बात के कि समाज में कोई भी शिक्षित व्यक्ति इसकी प्रशंसा नहीं करता है, फिर भी यह एक आग की तरह समाज के एक छोर से दूसरे छोर तक फैल रही है। किसी लड़की के पिता से आप पूछें कि तिलक या दहेज के प्रति उसके क्या विचार हैं, लेकिन वही व्यक्ति जब अपने लड़के का विवाह करने आता है तो यह भूल जाता है और उस समय ज्यादा से ज्यादा मोल तोल करने में और ज्यादा से ज्यादा रकम लेने में नहीं हिचकिचाता।

सभापति महोदय, आपका ध्यान इस बात पर गया होगा कि हमारे देश में बहुत सी सामाजिक संस्थायें हैं जो बहुत दिनों से सामाजिक बुराइयों को दूर करने में प्रयत्नशील हैं। जितनी जातीय संस्थायें हैं, जैसे ब्राह्मण सभा, कायस्थ सभा, भूमिहार सभा या दूसरी जातीय सभायें हैं वे सब इस बुराई को नापसन्द करती हैं। कोई भी ऐसा सामाजिक सम्मेलन नहीं होता जिसमें कि दहेज की प्रथा के खिलाफ प्रस्ताव पास न होता हो लेकिन यह भी दुःख के साथ कहना पड़ता है कि उस सम्मेलन के जो सभापति होते हैं वे ही उस प्रस्ताव का पूरा उल्लंघन करते हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि बावजूद इस बात के कि इस दहेज की प्रथा का समाज में सब तरह से विरोध है और इसके खिलाफ तमाम लोगों का प्रयत्न है फिर भी वह समाज में आज दिन प्रति दिन बढ़ती चली जा रही है। और यह बुराई आज यहां तक बढ़ गयी है कि इससे ऊबकर हमारी कुछ बहनें, यह देखकर कि उनके विवाह के लिए उनके माता पिता को कितनी कठिनाईयां उठानी पड़ती हैं और कितने झंझटों में पड़ना पड़ता है, आत्महत्या कर लिया करती हैं।

सभापति महोदय, आपको यह भी मालूम होगा कि हमारे समाज में ऐसे बहुत से अंग हैं जहां पुत्री का जन्म खुशी से नहीं मनाया जाता है। पुत्री के जन्म से लोगों को दुःख होता है।

श्री विभूती मिश्र (सारन व चम्पारन): अधिकतर दहेज वही लोग मांगते हैं जो कि कालिजों में पढ़ते हैं, आप सभाओं का नाम क्यों रखते हैं।

Mr. Chairman: The hon. Member has not been called upon to speak. He should not take advantage by standing up, and speak without being called upon to do so.

श्री एस० एन० दास: माननीय सदस्य ने शायद मेरा मतलब समझा नहीं। मेरा मतलब यह है कि जो हमारे समाज के नवयुवक हैं उनका तो उत्तरदायित्व है ही लेकिन जिस समाज और माता पिता ने उनको जन्म दिया है उनका भी कम दोष नहीं है। इस दहेज की प्रथा को लेकर हमारे देश में बहुत से ऐसे काम होते हैं जो समाज के लिए शोभनीय नहीं हैं। इसलिए मैं इस बिल का पूरा समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि जब यह प्रवर समिति के पास से वापस आवेगा तो हम इसको सहर्ष पास करेंगे।

Shri Nandlal Sharma (Sikar): Has the consent of the Member been obtained?

Mr. Chairman: The hon. Member has taken the consent of the Members of the Select Committee. If any Member has not given it, he can indicate it here.

Amendment moved:

"That the Bill be referred to a Select Committee consisting of Shrimati Uma Nehru, Shrimati Jayashri Raiji, Shrimati Renu Chakravartty, Shrimati Sushama

[Mr. Chairman]

Sen, Pandit Thakur Das Bhargava, Shri Raghunath Singh, Shri Hari Vishnu Pataskar, Prof. D. C. Sharma, Shri N. Somana, Shri Debeswar Sarmah, Shri Ramraj Jajware, Shri Jhulan Sinha, Pandit Lingaraj Mishra, Shri K. S. Raghavachari, Shrimati Anasuyabai Kale; Shri Raghubir Sahai, Shri Radha Raman, Dr. Mono Mohon Das, Dr. Syed Mahmud, Shri Upendranath Barman, Shri Amjad Ali, Shri Fulsinhji B. Dabhi, Shrimati Ammu Swaminadhan, and the Mover, with instructions to report by the end of the first week of the next session."

श्रीमती सुभद्रा जोशी (करनाल) : अभी हमारे प्रोफेसर साहब ने कहा कि पबलिक ओपीनियन के लिए यह बिल भेज दिया जाय और उन्होंने ऐसा बतलाया कि अभी पबलिक में इस के खिलाफ एजूकेशन काफी नहीं है। मुझे पबलिक ओपीनियन के लिये भेजने के लिए कोई ऐतराज़ नहीं है, अगर यह हाउस क़ानून द्वारा तब तक तमाम शादियों को रोक दे, और इस के पहले कि मैं और बातें कहूं, सभापति महोदय, मुझ को इस हाउस से एक शिकायत करनी है। इस हाउस का आधा खर्चा हिन्दुस्तान की औरतें उठाती हैं, आधी वोटर स्त्रियां होती हैं। वोट ले कर के जब हाउस में नुमायन्दे आने होते हैं तो उन्हें औरतों के वोट लेने के लिये तो बहुत वक्त होता है, लेकिन जब यहां पर आते हैं और जब कोई ऐसे कानून की बात होती है, जिनका कि औरतों से खास ताल्लुक़ होता तो उन्हें वक्त नहीं मिलता है। चुनाव के बाद इतने सैशन्स हो चुके, लेकिन आज तक एक भी बिल इस क़िस्म का पास होने के लिये हाउस को वक्त नहीं मिला। जब कोई बिल आता है तो देर लगा कर, सिलैक्ट कमेटी, पबलिक ओपीनियन, इस तरह सब क़िस्म की बातें लगा कर इतनी देर कर दी जाती है कि वह बिल पास नहीं होता। मुझे वह दिन भी याद है जब कि इस हाउस में किसी वक्त हिन्दू कोड बिल के नाम से एक बिल पेश था। और इसी तरह लोगों ने हमारे हाउस के सदस्यों ने, उस को सिलैक्ट कमेटी और इस तरह की बातें ला कर देर लगा लगा कर ऐतराज़ किये और वह पास नहीं हो सका।

आज इस बिल की ताईद करने के लिये मैं खड़ी हुई हूं तो मैं बड़ी शर्म के साथ कहती हूं कि मैं औरतों के लिये बराबर का हक़ मांगने के लिये नहीं खड़ी हुई हूं। बराबर का हक़ तो न मालूम हम कब मांगेंगी? हम तो सिर्फ़ इतना चाहती हैं कि हमारे इस हाउस के सदस्य औरतों को कम से कम इन्सान मानने को तैयार हो जायं। हमारे समाज में आज जितना अपमान शादियों में होता है, चाहे उसके लिये आप शास्त्रों को कोट करें, चाहे धार्मिक पुस्तकों को कोट करें, परन्तु जिस क़िस्म की शादियां आज हिन्दुस्तान में होती हैं, उस में दहेज और इस तरह की और रस्मों के अलावा, दहेज में जितना अपमान, जितनी बेइज्जती स्त्री की होती है इतनी कभी कोई इन्सान किसी इन्सान के साथ नहीं कर सकता। आप लड़की को पढ़ाते हैं, लिखाते हैं, लड़की अच्छी है, गुणवान् है, पर उस की शादी नहीं हो सकती, उस के साथ दहेज चाहिये। लड़की की कोई क़द्र नहीं, उस के गुणों की क़द्र नहीं, उस की और चीजों की क़द्र नहीं। हर चीज के पीछे यह विचार होता है कि दहेज कितना है। आज मुझे मालूम है कि बहुत से लोग कहते हैं कि आज ऐसा कहां है, आज तो दहेज नहीं मांगा जाता है, पढ़े लिखे लोग नहीं मांगते हैं, दुनिया तरक्की पसन्द हो गयी है। लेकिन

सभापति महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि दहेज तो बराबर मांगा जाता है, आज दहेज की क़िस्म बदल गयी है। आज शादी में तरह तरह के कपड़े नहीं मांगते हैं, तरह तरह की फालतू चीजें नहीं मांगते हैं, लेकिन रेडियो मांगते हैं, मोटरें मांगते हैं, विलायत जाने के लिये खर्चा मांगते हैं और इस तरह पचीसों किस्म की चीजें मांगते हैं। अगर और कुछ नहीं चाहते हैं तो कम से कम यही चाहते हैं कि नौकरी दिलवाने में मदद करवा दी जाय। इस किस्म से अगर समाज के आधे हिस्से पर कोई प्रतिबन्ध लगा दिया जाय तो उससे ज्यादा अन्याय कोई और नहीं हो सकता।

इस के साथ ही साथ, सभापति महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि आज अगर हम लोग इस क़िस्म की जो दहेज की प्रथा है उस को हटाते नहीं हैं, तो शादियों में बड़ी दिक्कतें होती हैं। आज हमारा समाज एक ऐसे वक्त से गुजर रहा है कि अब वह वक्त नहीं रहा कि जिस में स्त्री अपनी पोजीशन को समझती नहीं हो। उस में आज एक जागृति आ गयी है, कानशसनैस आ गयी है। आप ने स्त्री को शिक्षा दी है, लड़की को पढ़ाया है, हालांकि उस पढ़ाने की नीयत में मुझ को शक है। मैं इस चीज को समझती हूं कि लड़की को आज आप ने इस लिये नहीं पढ़ाया कि मुसीबत के वक्त वह अपने पैरों पर खड़ी हो सके या स्त्री जाति तरक्की कर सके। आज पढ़ाने में नीयत अच्छी नहीं है। आज हम लोग पढ़ाते इसलिये हैं कि लड़का आठवीं पास लड़की चाहता है। पढ़ाते इसलिये हैं कि लड़के की डिमांड दसवीं पास की है। डिमांड बी० ए० की हो गयी है तो बी० ए० करवा देते हैं। अगर रत्न और प्रभाकर से काम चल जाता है तो उतना ही पढ़वा देते हैं। ऐसा हो गया है, जैसे मारकेट में जिस चीज के लिये डिमांड हो उस डिमांड के मुताबिक़ ही मारकेट में चीज तैयार की जाती है और इस तरह यह लड़की का मोल तोल होता है। उस के बाद जब शादी होने लगती है तो बड़ी दिक्कत आती है। दहेज उस लड़की के साथ चाहिये और लड़की जागृत हो गयी है इसलिये लड़की अपने अपमान को महसूस करती है। लड़की अच्छी जगह शादी करना चाहती है लेकिन शादी नहीं हो सकती है। मां बाप भी मजबूर हैं, शादी होने में हजार रुकावटें दहेज की वजह से हैं। आज हमारे समाज में इस का क्या असर होता है ? आज मुझे मालूम है। मैं ने शास्त्र तो पढ़े नहीं हैं, संस्कृत भी नहीं जानती हूं, पर मुझे मालूम है कि कुछ कोट किया गया और इस बिल को रोकने के लिये हजारों शास्त्र और कोट कर दिये जायेंगे। लेकिन आज जब शादी का वक्त होता है और शादी नहीं होती है तो माता पिता अपनी आंख बन्द कर लेते हैं और लड़की किसी के साथ भी भाग कर शादी कर लेती है। उस में जागृति है, वह शादी अच्छी जगह करना चाहती है। मां बाप भी करना चाहते हैं, लेकिन शादी नहीं होती है तो लड़की किस्म किस्म से सजती है, क़िस्म क़िस्म के कपड़े पहनती है, मुंह रंगती है, मां बाप इस को सहन करते हैं और चाहते हैं कि लड़की अपने आप कहीं चली जाय और शादी कर ले। वह सब दहेज की वजह से मजबूर हैं। मुझे इस तरह के मां बाप से सहानुभूति है। पर यह समाज पर एक भारी कलंक है और यह समाज का इतना भारी गिरना उसी का नतीजा है।

फिर बहुत सी ऐसी जगहें भी हैं कि जहां दहेज दे दिया जाता है। फिर भी

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

दुख है । दहेज इसलिये दे दिया जाता है कि दहेज देने के बाद हमारी लड़की सुखी हो जायगी । पर मैं ने देखा कि जिस घर से जितना दहेज मिला, वह लड़की उतनी ही दुखी और परेशान रहती है, क्योंकि पैसा लेने वाले की तृष्णा कभी शान्त नहीं होती । जब लड़की दहेज ले आती है तो सुसराल वाले समझते हैं कि जितनी बार यह घर में जायगी और आवेगी उतनी ही बार ज्यादा मिलेगा । जितना वह लाती है उतनी ही ज्यादा जरूरत मालूम होने लगती है और जब वह तृष्णा किसी किस्म से पूरी नहीं हो पाती है तो लड़की दुःख पाती है

आज आप कहते हैं कि पबलिक ओपीनियन इसके हक में नहीं है । न मालूम आप पबलिक ओपीनियन किस को समझते हैं ? आज आप एक एक लड़की की हालत को देखिये, वह एक मूक आवाज है जिस को आज सदियों से जानवरों से बदतर ट्रीट किया गया है । आप कहते हैं ऐजूकेशन नहीं है, आप कहते हैं पबलिक ओपीनियन नहीं है । वह बेचारी परेशान है, बोल नहीं सकती है, जानती भी नहीं है, और जानती भी है तो उसकी आवाज नहीं है, और आवाज हो तो कैसे हो ? मुझे आज हाउस में जब यह मालूम होता है कि वह इस बिल को सीरियसली नहीं लेना चाहते हैं तो लगता है कि यह लड़ाई कोई ऐसी वैसी बात नहीं है, बल्कि लेने वालों और देने वालों में लड़ाई है । ऐसा मालूम होता है कि हमारे यहां जब हाउस में सदस्य इस बिल पर बातचीत करते हैं तो न मालूम औरत से क्या मतलब समझते हैं । पर वह औरतें तो हमारी बेटियां हैं, हम शादी करते हैं उन की, वे हमारी बहनें हैं और हम उन की शादी करते हैं । इन तमाम दिक्कतों से हम गुजरते हैं । पर मालूम होता है कि जब हमारे भाई जो मुखालफ़त करते हैं तो शायद वह समझते हैं कि हमारे यहां सारे लड़के ही लड़के पैदा होने वाले हैं । हम सदा लेने वालों में हैं । मैं चाहती हूं कि इस बात पर थोड़ी रिसर्च की जाय और जब बिल का किस्सा खत्म हो जाय तो, सभापति महोदय, बोलने वालों की लिस्ट के बारे में देखा जाय कि मुखालफ़त करने वालों की लड़कियां कितनी हैं और लड़के कितने हैं और समर्थन करने वालों के लड़कियां कितनी हैं और लड़के कितने हैं, क्योंकि मुझे सचमुच में शक होता है कि आज सदियों के बाद हिन्दुस्तान में यह कहा जाय कि इस के लिये तो पबलिक जागृत नहीं है और दहेज के दोषों को नहीं जानते हैं, इसलिये उन को ऐंजूकेट किया जाय, उन को बतलाया जाय कि उस में क्या बुराइयां हैं, उस की बुराइयों को उन के सामने रखने का मौका दिया जाय, यह ऐसी बातें सुन कर मुझे सचमुच में नीयत पर शक होने लगता है । इसके लिये मैं माफी चाहती हूं ।

हमारे यहां यह भी कहा गया, हमारे सदस्यों ने यह भी कहा कि कानून से यह बात रुकने वाली नहीं है । मैं इस चीज को कुछ हद तक मानती हूं । मैं तो यह भी मानती हूं और जैसे यहां पर मैं ने कभी कभी कहा भी है कि यहां हाउस में रोज कई चीजें आती हैं । रोज मैं सुनती हूं कि किसानों के साथ क्या होना चाहिये, मजदूरों के साथ क्या होना चाहिये, समाज का एक्सप्लाइटेशन कैसे रुकना चाहिये । लेकिन जो औरतों का एक्सप्लाइटेशन होता है, उसकी तरफ़ किसी की तवज्जह नहीं जाती । कुछ फी सदी संख्या मजदूरों की हिन्दुस्तान में होगी, कुछ फ़ी सदी हिन्दुस्तान में किसानों

की होगी, सब कुछ कुछ फी सदी ही हैं। पर यहां औरतों की जितनी तादाद भारी है और जितना शादियों से औरतों का ऐक्सपलाईटेशन हो रहा है और उस से जितना नुक़सान सोसाइटी पर पड़ता है, इस की तरफ़ किसी का ध्यान और किसी की तवज्जह नहीं है।

इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि हमारे समाज में और चीज़ों के अलावा दहेज़ एक ऐसी चीज़ है जिसमें औरत को ख़रीदना और बेचना होता है और जिस समाज में यह होता हो, वह समाज कभी तरक्की नहीं कर सकता है और साथ ही मैं इस चीज़ को भी मानती हूं कि इस चीज़ के लिए अगर हम लोग किसी का मुंह ताकते रहें, कि कोई दूसरा हमारी मदद करने वाला आने वाला है, मैं इस चीज़ में विश्वास नहीं रखती। मेरा तो यह विश्वास है कि हमारे देश की लड़कियां और औरतें जब तक इस कुरीति के ख़िलाफ़ आवाज़ नहीं उठायेंगी और लड़ाई नहीं करेंगी, उनको इस चीज़ के लिए समाज और देश दोनों से लड़ाई करनी पड़ेगी, साथ ही जितने ग़ैर-तरक्क़ी पसन्द लोग हैं जिनके दिल में तो कुछ और ही रहता है लेकिन जो समय २ पर धर्म ग्रन्थों और शास्त्रों को कोट करके हम स्त्री जाति को पीछे रखना चाहते हैं, समाज में औरत का ख़रीदना और बेचना जारी रखना चाहते हैं, उनके साथ भी हमें लड़ाई करनी होगी और अपनी आवाज़ उनके विरुद्ध बुलन्द करनी होगी और मैं आप से सच कहती हूं कि जैसे वह दिन दूर नहीं है जब कि सरमायादार गरीब का शोषण नहीं कर पायेंगे, जिस प्रकार यह दिन आने वाला है, उसी प्रकार मैं आपसे कहना चाहती हूं कि वह दिन भी दूर नहीं है और जल्द आने वाला है जब औरतों का आपको एक्सप्लायटेशन बन्द करना होगा और अगर उस वक्त आप मेरे सामने आकर यह कहें कि शास्त्रों में यह लिखा है कि तुमको बिकना ही होगा, शास्त्रों में लिखा है लड़की की शादी में पैसा देना ही होगा, तो मैं कह देना चाहती हूं . . . . .

Pandit K. C. Sharma (Meerut Distt.—South): That is already an offence, Sir, under the Constitution.

